>

Title: Need to provide funds under Accelerated Irrigation Benefit Programme for irrigation projects in Dhule Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

*m01

श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव (धुले): मेरे संसदीय क्षेत्र धुलिया, महाराष्ट्र का पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। अनुसूचित जनजाति की बड़ी मात्रा में लोक संख्या होने वाला यह जिला गत् 60 साल से विकास की धारा से दूर रहा है। यहां देहातों में पानी का अकाल तो है ही जिला केन्द धुलिया शहर में भी पानी की समस्या विकट है। यहां पर पीने का पानी दो दिन में एक बार दिया जाता है। यहां के लोगों की सबसे बड़ी मांग खेती के लिए और पीने के लिए पानी है। निधि के अभाव में इस क्षेत्र के लिए जीवनदाय होने वाली सिंचाई की दो महत्वपूर्ण परियोजना लंबित पड़ी है।

निम्न पंझार मध्यम प्रकल्प अवकलपाडा ता. साकी जि. धुलिया इस जगह पर यह परियोजना प्रस्तावित है। धुलिया तहसील के 7585 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का लाभ पहुंचाने वाली यह परियोजना है। धुलिया महानगर को पीने के पानी के लिए 7.99 दलघमी पानी देना प्रस्तावित है। धुलिया महानगर के औद्योगिक क्षेत्र को इस परियोजना से 8.50 दलघमी पानी देना प्रस्तावित है। इस परियोजना का फायदा देखते हुए केंद्रीय जल आयोग ने इसे मान्यता प्रदान की है। निधि के अभाव के कारण यह कार्य बड़े धीमी गति से चल रहा है। मैं आपके द्वारा जल संसाधन मंत्री से मांग करता हूं कि ए.आय.बी.पी. योजना के तहत इस परियोजना के लिए निधि देने की कृपा करें।

वाडी शेवाडी मध्यम प्रकल्प यह मेरे संसदीय क्षेत्र धुलिया (महाराष्ट्र) में बुराई नदी पर शिंदखेडा तहसील में स्थित है। इस परियोजना के तहत शिंदखेडा तथा धुलिया तहसील के लिए 36.93 दलघमी जलसाठा करना प्रस्तावित है तथा इस परियोजना का धुलिया तथा शिंदखेडा तहसील का सिंचयन क्षेत्र 5980 है0 क्षेत्र प्रस्तावित है। इस जल साठे में से धिमठाणे तथा शिंदखेडा गांव के पीने के पानी के लिए 0.71 जल आरक्षित करने का प्रस्ताव है। इस परियोजना का काम शुरू हो चुका है। निधि के अभाव के कारण यह कार्य बड़े धीमी गति से चल रहा है। मैं आपके द्वारा जल संसाधन मंत्री से मांग करता हूं कि ए.आय.बी.पी. योजना के तहत परियोजना के लिए निधि देने की कृपा करें।